# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 22/08/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Awareness**

**Q.1** निम्नलिखित में से कौन-से संवैधानिक अनुच्छेद, RTI सहित मौलिक अधिकारों को लागू करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों को रिट अधिकार क्षेत्र सुनिश्चित करते हैं?

**Ans**
✗ 1. अनुच्छेद 14 और 15
✗ 2. अनुच्छेद 51 और 356
✗ 3. अनुच्छेद 21 और 39
✓ 4. अनुच्छेद 32 और 226

**Q.2** लंबी दूरी तक भारी एवं स्थूल वस्तुओं के परिवहन के लिए परिवहन का कौन-सा साधन सबसे उपयुक्त है?

**Ans**
✓ 1. रेल मार्ग
✗ 2. वायुमार्ग
✗ 3. पाइपलाइन
✗ 4. सड़क मार्ग

**Q.3** वेलांचली वन (Littoral forest) किस प्रकार के पारितंत्र से सर्वाधिक संबंधित हैं?

**Ans**
✗ 1. घासस्थल पारितंत्र
✓ 2. आर्द्रभूमि पारितंत्र
✗ 3. टुंड्रा पारितंत्र
✗ 4. मरुस्थलीय पारितंत्र

**Q.4** SI मात्रक में व्यक्त करने पर एक रून्टगेन (R) का मान कितना है?

**Ans**
✓ 1. $2.58\times10^{-4}$ कूलॉम प्रति किलोग्राम
✗ 2. $1.6\times10^{-19}$ कूलॉम
✗ 3. $3.7\times10^{10}$ विघटन प्रति सेकंड
✗ 4. $1.0\times10^{-3}$ ग्रे

**Q.5** दिल्ली सरकार ने जून 2025 में कितने खेलो इंडिया केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है?

**Ans**
✗ 1. दस
✓ 2. छह
✗ 3. दो
✗ 4. आठ

**Q.6** 1693 में पांडिचेरी पर डचों ने कब्जा कर लिया था लेकिन _____ में रिसविक की संधि द्वारा इसे फ्रांसीसी कंपनी को वापस कर दिया गया था।

Ans
- ✗ 1. 1704
- ✓ 2. 1699
- ✗ 3. 1741
- ✗ 4. 1696

**Q.7** वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 के अनुसार, वक्फ ट्रिब्यूनल के आदेश पर कितने दिनों के भीतर उच्च न्यायालय में अपील की जा सकती है?

Ans
- ✗ 1. 70 दिन
- ✗ 2. 50 दिन
- ✓ 3. 90 दिन
- ✗ 4. 120 दिन

**Q.8** भारत में दक्षिण-पश्चिम मानसून का प्राथमिक कारण क्या है?

Ans
- ✗ 1. मरुस्थल से आने वाली स्थानीय पवनें
- ✗ 2. अटलांटिक से आने वाली पश्चिमी पवनें
- ✓ 3. स्थल और समुद्र का विभेदी तापन
- ✗ 4. ज्वारीय प्रभाव

**Q.9** गुप्त वंश के प्रसिद्ध शासक चंद्रगुप्त द्वितीय का एक अन्य नाम क्या था?

Ans
- ✗ 1. ध्रुवसेन
- ✗ 2. सूर्यदेव
- ✗ 3. कर्मपुत्र
- ✓ 4. विक्रमादित्य

**Q.10** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 335 के अनुसार, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के दावों पर ________ के मामलों में विचार किया जाएगा।

Ans
- ✓ 1. सार्वजनिक रोजगार
- ✗ 2. धार्मिक स्वतंत्रता
- ✗ 3. भूमि अधिग्रहण
- ✗ 4. कर नीतियाँ

**Q.11** निम्नलिखित में से कौन यांत्रिकी में आवेग को सर्वोत्तम रूप से परिभाषित करता है?

Ans
- ✗ 1. द्रव्यमान और वेग का गुणनफल
- ✗ 2. संवेग परिवर्तन की दर का दूरी से गुणा
- ✓ 3. बल और उसके कार्य करने के समय का गुणनफल
- ✗ 4. समय के साथ विस्थापन में परिवर्तन

**Q.12** 17 दिसंबर 2024 को लोकसभा में पेश किया गया, केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल कितने अधिनियमों में संशोधन करता है?

Ans
- ✗ 1. 2
- ✗ 2. 5
- ✓ 3. 3
- ✗ 4. 4

**Q.13** मार्च 2025 में राज्यसभा में पारित रेलवे (संशोधन) विधेयक किसने पेश किया?

Ans
- ✗ 1. सर्बानंद सोनोवाल (Sarbananda Sonowal)
- ✗ 2. किरण रिजिजू (Kiren Rijiju)
- ✓ 3. अश्विनी वैष्णव (Ashwini Vaishnaw)
- ✗ 4. हरदीप सिंह पुरी (Hardeep Singh Puri)

Q.14 मई 2025 में, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) पुरस्कारों में निम्नलिखित में से किस खिलाड़ी को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना गया था?

Ans
- ✗ 1. सुनील छेत्री
- ✓ 2. सुभाशीष बोस
- ✗ 3. गुरप्रीत सिंह संधू
- ✗ 4. संदेश झिंगन

Q.15 भारत की प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951-56) का मुख्य उद्देश्य क्या था?

Ans
- ✗ 1. भारी औद्योगीकरण
- ✗ 2. PSU का निजीकरण
- ✗ 3. IT सेवाओं की वृद्धि
- ✓ 4. कृषि विकास

Q.16 भारत के संविधान में संशोधन करने की संसद की शक्तियों के संबंध में केशवानंद भारती मामले (1973) में सर्वोच्च न्यायालय ने क्या निर्णय दिया?

Ans
- ✗ 1. संसद को मौलिक अधिकारों सहित संविधान के किसी भी भाग में संशोधन करने की असीमित शक्ति है।
- ✗ 2. भारत के राष्ट्रपति के पास स्वतंत्र रूप से संवैधानिक संशोधनों को स्वीकृत या अस्वीकार करने का अंतिम अधिकार है।
- ✓ 3. संसद संविधान में संशोधन कर सकती है, लेकिन वह इसके मूल ढांचे या आवश्यक विशेषताओं को बदल या खत्म नहीं कर सकती।
- ✗ 4. संसद किसी भी परिस्थिति में संविधान के किसी भी भाग में संशोधन नहीं कर सकती।

Q.17 मानव विकास सूचकांक, जन-केंद्रित विकास पर बल देता है। अमर्त्य सेन के साथ मिलकर HDI बनाने का श्रेय किसे दिया जाता है?

Ans
- ✗ 1. मनमोहन सिंह (Manmohan Singh)
- ✗ 2. ज्यां द्रेज (Jean Drèze)
- ✗ 3. कौशिक बसु (Kaushik Basu)
- ✓ 4. महबूब उल हक (Mahbub ul Haq)

Q.18 अमीर खुसरो किन दो भाषाओं में योगदान के लिए जाने जाते हैं?

Ans
- ✗ 1. बंगाली और पंजाबी
- ✓ 2. फ़ारसी और हिंदवी
- ✗ 3. मराठी और गुजराती
- ✗ 4. संस्कृत और तमिल

Q.19 विंडोज़ में किसी चयनित फ़ाइल या फ़ोल्डर का नाम बदलने के लिए शॉर्टकट के रूप में किस कीबोर्ड बटन का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✗ 1. Esc
- ✗ 2. F5
- ✗ 3. Ctrl
- ✓ 4. F2

Q.20 मई 2025 में, शुरू की गयी भारत की उच्च-रिजॉल्यूशन मौसम पूर्वानुमान प्रणाली का नाम क्या है?

Ans
- ✓ 1. भारत पूर्वानुमान प्रणाली (Bharat Forecasting System)
- ✗ 2. भारत वेदर नेटवर्क (Bharat Weather Network)
- ✗ 3. इंडिया क्लाइमेट मॉनिटर (India Climate Monitor)
- ✗ 4. नेशनल वेदर ग्रिड (National Weather Grid)

Q.21 निम्नलिखित में से किस संस्थान ने वर्ष 2025 में, विश्व की सबसे छोटी सेमीकंडक्टर चिप (semiconductors chip) विकसित करने का प्रस्ताव रखा है?

Ans
- ✗ 1. IIT दिल्ली
- ✓ 2. भारतीय विज्ञान संस्थान
- ✗ 3. BARC
- ✗ 4. DRDO अनुसंधान प्रयोगशाला

Q.22 प्रोजेक्ट स्टारलाइन के अंतर्गत पेश की गयी 'गूगल बीम (Google Beam)' क्या है?

Ans
- ✗ 1. वास्तविक समय में होने वाले संचार के लिए एक भाषा अनुवाद टूल
- ✓ 2. एक AI-संचालित वीडियो संचार प्लेटफ़ॉर्म जिसका लक्ष्य आभासी इंटरैक्शन को फिर से परिभाषित करना है
- ✗ 3. ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की गति बढ़ाने के लिए एक हार्डवेयर उपकरण
- ✗ 4. ग्लोबल इंटरनेट कवरेज के लिए गूगल द्वारा लॉन्च किया गया एक नया उपग्रह

Q.23 भूकंप के प्रभाव को कम करने के लिए सर्वाधिक प्रभावी चरण निम्नलिखित में से कौन-सा है?

Ans
- ✗ 1. बाढ़ बाधाएं
- ✓ 2. भूकंपीय क्षेत्रीकरण और भूकंपरोधी इमारतें
- ✗ 3. जल संग्रहण
- ✗ 4. वनोन्मूलन

Q.24 भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन का मुख्य उद्देश्य क्या था?

Ans
- ✗ 1. भारत का औद्योगिकीकरण
- ✗ 2. भारतीय किसानों का कल्याण
- ✓ 3. भारत का आर्थिक शोषण
- ✗ 4. भारत का सामाजिक विकास

Q.25 ग्लोबल टेररिज्म रिपोर्ट इंडेक्स (Global Terrorism Report Index - GTI) 2025 का 12वां संस्करण _____ द्वारा प्रकाशित किया गया था।

Ans
- ✗ 1. द यूनाइटेड नेशन्स ऑफिस टू काउंटर टेररिज्म (The United Nations Office to Counter Terrorism)
- ✗ 2. द यूनाइटेड नेशन्स ऑफिस ऑन ड्रग्स एंड क्राइम (The United Nations Office on Drugs and Crime)
- ✗ 3. द यूएन काउंटर-टेररिज्म सेंटर (The UN Counter-Terrorism Centre)
- ✓ 4. द इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक एंड पीस (The Institute of Economic and Peace)

Q.26 जून 2025 में होने वाले महिला कबड्डी विश्व कप की मेजबानी भारत में किस स्थान पर करने की घोषणा की गई?

Ans
- ✗ 1. कोलकाता
- ✗ 2. अहमदाबाद
- ✗ 3. चेन्नई
- ✓ 4. राजगीर

Q.27 भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में वर्णन किया गया है कि नीति निर्देशक सिद्धात किसी भी न्यायालय द्वारा लागू नहीं किए जा सकते?

Ans
- ✗ 1. अनुच्छेद 36
- ✗ 2. अनुच्छेद 38
- ✗ 3. अनुच्छेद 39
- ✓ 4. अनुच्छेद 37

Q.28 रैयतवाड़ी बंदोबस्त (Ryotwari settlement) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
इसे थॉमस मुनरो ने विकसित किया था।
यह बंदोबस्त सीधे किसानों के साथ बनाया गया था लेकिन जमींदारों के साथ नहीं बनाया गया था।
इसका परीक्षण टीपू के कब्जे वाले क्षेत्रों में छोटे पैमाने पर किया गया था।
इसे सफल पाते हुए, इसे फिर गंगा मैदानों में लागू किया गया।
सही संयोजन का चयन कीजिए:

Ans
✗ 1. केवल 1
✗ 2. 1, 2, 3 और 4
✗ 3. केवल 1 और 2
✓ 4. केवल 1, 2 और 3

Q.29 स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (SGSY) निम्नलिखित में से किस वर्ष शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य सहायता प्राप्त गरीब परिवारों (स्वरोजगारियों) को बैंक ऋण और सरकारी सब्सिडी के मिश्रण के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों (SHG) में संगठित करके गरीबी रेखा से ऊपर लाना था?

Ans
✗ 1. 2003
✗ 2. 1991
✓ 3. 1999
✗ 4. 1994

Q.30 पारंपरिक लोक नृत्य, झुमुर, निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य में उत्पन्न हुआ था?

Ans
✗ 1. केरल
✗ 2. पंजाब
✓ 3. असम
✗ 4. गुजरात

Q.31 भारत में अंग्रेजी शिक्षा की शुरूआत को निम्नलिखित में से किस डॉक्यूमेंट के माध्यम से बढ़ावा दिया गया था?

Ans
✗ 1. 1813 का चार्टर अधिनियम
✓ 2. मैकाले का विवरण-पत्र
✗ 3. रेगुलेटिंग एक्ट
✗ 4. पिट्स इंडिया एक्ट

Q.32 पूर्ण आंतरिक परावर्तन के लिए क्या शर्त है?

Ans
✗ 1. दोनों माध्यमों के अपवर्तनांक बराबर होने चाहिए।
✗ 2. प्रकाश को विरल माध्यम से सघन माध्यम की ओर 90° के कोण पर गमन करना चाहिए।
✓ 3. प्रकाश को क्रांतिक कोण से अधिक कोण पर सघन माध्यम से विरल माध्यम में गमन करना चाहिए।
✗ 4. प्रकाश को विभिन्न अपवर्तनांक वाले किन्हीं दो माध्यमों को अलग करने वाले अभिलम्ब से 90° की सीमा पर टकराना चाहिए।

Q.33 निम्नलिखित में से कौन-सा ऐलीमेन्ट, डेस्कटॉप से सिस्टम सेटिंग्स, इंस्टॉल किए गए प्रोग्राम और पावर विकल्पों तक एक्सेस प्रदान करता है?

Ans
✓ 1. स्टार्ट मेनू (Start Menu)
✗ 2. टास्कबार (Taskbar)
✗ 3. फ़ाइल एक्सप्लोरर (File Explorer)
✗ 4. नोटिफिकेशन एरिया (Notification Area)

Q.34 25 अप्रैल 2025 को, DRDO ने एक एक्टिव कूल्ड स्क्रैमजेट सबस्केल कॉम्बस्टर का दीर्घकालिक जमीनी परीक्षण करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। यह परीक्षण कितने समय तक चला?

Ans
✗ 1. 120 सेकंड
✗ 2. 1,500 सेकंड
✓ 3. 1,000 सेकंड
✗ 4. 500 सेकंड

**Q.35** भारत के उत्तर-पश्चिमी मैदानों में गेहूँ क्यों उगाया जाता है?

**Ans**
- ✔ 1. क्योंकि इस क्षेत्र में उपजाऊ जलोढ़ मृदा और ठंडी सर्दियाँ होती हैं
- ✘ 2. क्योंकि यहाँ मानसून के दौरान अत्यधिक वर्षा होती है
- ✘ 3. क्योंकि यह तटीय जल निकायों के निकट स्थित है
- ✘ 4. क्योंकि इस क्षेत्र में सीमित वार्षिक वर्षा के साथ लाल मृदा पाई जाती है

**Q.36** निम्नलिखित में से किस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने 2017 में निजता के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में बरकरार रखा?

**Ans**
- ✔ 1. पुट्टस्वामी बनाम भारत संघ
- ✘ 2. इंदिरा साहनी बनाम भारत संघ
- ✘ 3. नवतेज सिंह जौहर बनाम भारत संघ
- ✘ 4. श्रेया सिंघल बनाम भारत संघ

**Q.37** निम्नलिखित में से कौन-सा, पुरापाषाण काल के लोगों के एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने का कारण नहीं था?

**Ans**
- ✘ 1. मौसमी परिवर्तन
- ✔ 2. फसलों की विफलता
- ✘ 3. शिकारी जानवरों की आवाजाही
- ✘ 4. संसाधनों का समापन

**Q.38** भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए वर्ष 2025 में, पद्म भूषण से किसे सम्मानित किया गया?

**Ans**
- ✔ 1. शेखर कपूर
- ✘ 2. सुभाष घई
- ✘ 3. आमिर खान
- ✘ 4. मुकेश खन्ना

**Q.39** निम्नलिखित में से कौन-सी समिति, संसद की स्थायी समिति है?

**Ans**
- ✘ 1. विधेयक पर प्रवर समिति
- ✘ 2. परिसीमन आयोग
- ✔ 3. लोक लेखा समिति
- ✘ 4. 2G स्पेक्ट्रम पर संयुक्त संसदीय समिति

**Q.40** निम्नलिखित में से कौन-सा, संवहनी वर्षा के लिए उत्तरदायी है?

**Ans**
- ✘ 1. चक्रवाती संचलन
- ✘ 2. पर्वत, वायु को ऊपर उठने के लिए बाध्य करते हैं
- ✔ 3. तीव्र पृष्ठीय तापन के कारण वायु का ऊपर उठना
- ✘ 4. ठंडी और गर्म वायु संहतियों का मिलन

## Section : **Mathematics**

**Q.1** यदि राम की आयु का 2 गुना, रम्या की आयु के 6 गुना से 14 वर्ष अधिक है, और रम्या की आयु का 4 गुना, राम की आयु से 4 वर्ष कम है, तो राम और रम्या की आयु के बीच अंतर (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ 1. 17
- ✘ 2. 15
- ✔ 3. 13
- ✘ 4. 14

**Q.2** 156 km की दूरी तय करने में, अभय को समीर से 5 घंटे अधिक लगते हैं। यदि अभय अपनी चाल दोगुनी कर दे, तो उसे समीर से 8 घंटे कम लगेंगे। अभय की चाल कितनी है?

**Ans**
- ✔ 1. 6 km/hr
- ✘ 2. 1 km/hr
- ✘ 3. 16 km/hr
- ✘ 4. 7 km/hr

**Q.3** दो संख्याओं का म.स.प. (HCF) और ल.स.प. (LCM) क्रमशः 11 और 792 है। यदि एक संख्या 88 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ 1. 97
- ✘ 2. 89
- ✘ 3. 93
- ✔ 4. 99

**Q.4** यदि 6-अंकीय संख्या N01M22, 11 से विभाज्य है, तो नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प M और N के बीच संभावित सही संबंध दे सकता है?

**Ans**
- ✘ 1. M = N
- ✔ 2. M - N = 1
- ✘ 3. M - N = 5
- ✘ 4. M + N = -1

**Q.5** पाँच ठोस घन, जिनमें से प्रत्येक का आयतन 3375 $cm^3$ है, उनके सिरों को जोड़कर एक घनाभ बनाया जाता है। घनाभ का पार्श्व पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) कितना होगा?

**Ans**
- ✔ 1. 2700
- ✘ 2. 2801
- ✘ 3. 2694
- ✘ 4. 2409

**Q.6** रमन की आय ₹60,500 है। वह अपनी आय के 26% की बचत करता है। यदि उसकी आय में 17% की वृद्धि होती और व्यय में 50% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में ______________ होगी।

**Ans**
- ✘ 1. ₹12,098 की वृद्धि
- ✘ 2. ₹12,099 की वृद्धि
- ✘ 3. ₹12,095 की कमी
- ✔ 4. ₹12,100 की कमी

**Q.7** निम्नलिखित को सरल कीजिए।

$$3\left(\left(\frac{7}{3}\right)x^2 - 22x + 19\right) - 7(x^2 + 9x - 14)$$

**Ans**
- ✘ 1. 129x − 155
- ✘ 2. 129x + 155
- ✘ 3. −129x − 155
- ✔ 4. −129x + 155

**Q.8** पाइप A किसी टैंक को 13 घंटे में भर सकता है, पाइप B उसी टैंक को 29 घंटे में भर सकता है और पाइप C उसी टैंक को 10 घंटे में भर सकता है। यदि वे सभी एक-साथ चालू कर दिए जाएं, तो उसी टैंक को भरने में कितना समय लगेगा?

**Ans**

✔ 1. $4\frac{582}{797}$ घंटे

✘ 2. $10\frac{582}{797}$ घंटे

✘ 3. $3\frac{582}{797}$ घंटे

✘ 4. $11\frac{582}{797}$ घंटे

**Q.9** किसी संख्या में 7% की कमी करने पर 3720 प्राप्त होता है। वह संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✔ 1. 4000

✘ 2. 12000

✘ 3. 2000

✘ 4. 8000

**Q.10** दो संख्याओं का योगफल 52 है और उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 627 है। वे दोनों संख्याएं ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✘ 1. 17, 35

✘ 2. 12, 40

✘ 3. 24, 28

✔ 4. 19, 33

**Q.11** यदि 4 और 22 का तृतीयानुपाती x हो, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✘ 1. 122

✘ 2. 119

✘ 3. 123

✔ 4. 121

**Q.12** यदि किसी निश्चित धनराशि पर दूसरे वर्ष के दौरान अर्जित ब्याज ₹5,214 है, और ब्याज की दर 10% वार्षिक है जो वार्षिक रूप से संयोजित होती है, तो धनराशि ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✘ 1. ₹47,320

✔ 2. ₹47,400

✘ 3. ₹47,755

✘ 4. ₹46,650

**Q.13** श्री शर्मा, श्री गुप्ता और सुश्री सिन्हा ने एक व्यवसाय में क्रमशः ₹4,000, ₹8,000 और ₹6,000 का निवेश किया। श्री शर्मा ने 6 महीने बाद व्यवसाय छोड़ दिया। यदि 8 महीने बाद ₹34,000 का लाभ अर्जित हुआ, तो श्री गुप्ता का हिस्सा कितना होगा?

**Ans**

✘ 1. ₹14,000

✔ 2. ₹16,000

✘ 3. ₹20,000

✘ 4. ₹12,000

**Q.14** एक मोबाइल फोन का अंकित मूल्य ₹20,000 है। एक त्यौहारी सेल के दौरान, एक स्टोर दो क्रमिक छूट - पहले 15% और फिर 10% की छूट प्रदान करता है। मोबाइल का अंतिम विक्रय मूल्य कितना होगा?

**Ans**

✘ 1. ₹15,500

✘ 2. ₹15,000

✘ 3. ₹16,000

✔ 4. ₹15,300

Q.15 मनीषा ने एक खिलौना ₹940 में खरीदा, उसे ₹10 की लागत से सजाया और खिलौने को ₹659 में बेच दिया। हानि या लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. $\frac{582}{19}\%$ हानि
✗ 2. $\frac{582}{19}\%$ लाभ
✗ 3. $582\%$ हानि
✗ 4. $\frac{592}{19}\%$ लाभ

Q.16 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए:
(-9) - (-60) ÷ (-10) + (-2) × 6

Ans
✗ 1. -30
✗ 2. -29
✔ 3. -27
✗ 4. -26

Q.17 पाँच संख्याओं का योग 655 है। पहली दो संख्याओं का औसत 80 है और तीसरी संख्या 102 है। शेष दो संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 197.5
✔ 2. 196.5
✗ 3. 182
✗ 4. 183

Q.18 यदि एक समबहुभुज के अंतः कोण और बहिष्कोण के बीच का अंतर 140° है, तो बहुभुज की भुजाओं की संख्या कितनी होगी?

Ans
✔ 1. 18
✗ 2. 14
✗ 3. 16
✗ 4. 12

Q.19 ₹1,200 पर 4% प्रति माह की ब्याज दर से 1 माह का साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. ₹4
✗ 2. ₹8
✔ 3. ₹48
✗ 4. ₹24

Q.20 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 22 से विभाज्य है?

Ans
✗ 1. 6580350
✗ 2. 6136901
✔ 3. 7467614
✗ 4. 8132950

Q.21 एक व्यापारी 3% के लाभ पर दाल बेचने का दावा करता है, लेकिन वह बेईमानी से बांट पर अंकित वजन से 15% कम वजन का उपयोग करता है। व्यापारी द्वारा अर्जित लाभ का कुल प्रतिशत ज्ञात कीजिए। (उत्तर को निकटतम पूर्ण संख्या में पूर्णांकित कीजिए।)

Ans
✗ 1. 20%
✔ 2. 21%
✗ 3. 16%
✗ 4. 26%

Q.22 एक व्यक्ति 67 km/hr की चाल से कार चलाकर एक पुल को 3 मिनट में पार करता है। पुल की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 2.84 km
2. 3.35 km ✔
3. 2.46 km
4. 2.51 km

Q.23 अंजलि किसी निश्चित कार्य को 21 दिनों में पूरा कर सकती है। अंजलि और आयुषी मिलकर उसी कार्य को 12 दिनों में पूरा कर सकती हैं, तथा अंजलि, आयुषी और अंकिता मिलकर उसी कार्य को 8 दिनों में पूरा कर सकती हैं। अंजलि और अंकिता उसी कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकती हैं?

Ans
1. $\frac{48}{5}$
2. $\frac{57}{7}$
3. $\frac{47}{6}$
4. $\frac{56}{5}$ ✔

Q.24 6.5 cm त्रिज्या वाले गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए। (π = 22/7 लीजिए)

Ans
1. 534 $cm^2$
2. 530 $cm^2$
3. 531 $cm^2$ ✔
4. 540 $cm^2$

Q.25 यदि $M = \sqrt{\frac{1+\cos A}{1-\cos A}} - \operatorname{cosec} A - \cot A$ है और $A$ एक न्यून कोण है, तो $M$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 0 ✔
2. -1
3. 1
4. 2

Q.26 एक बल्लेबाज द्वारा 23 मैचों में बनाए गए औसत रन 42 हैं। अगले 10 मैचों में, बल्लेबाज ने औसतन 14 रन बनाए। सभी 33 मैचों में उसके द्वारा बनाए गए औसत रन (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 32.52
2. 35.52
3. 34.52
4. 33.52 ✔

Q.27 $\sqrt{121} + \sqrt{0.0121} - \sqrt{7.84}$ का मान _____ है।

Ans
1. 8.31 ✔
2. 7.73
3. 3.9
4. 10.34

Q.28 कुशल और बृजेश ने मिलकर एक व्यवसाय में ₹63,300 का निवेश किया। वर्ष के अंत में, ₹17,600 के कुल लाभ में से, बृजेश का हिस्सा ₹2,200 था। उनके निवेशों में कितना अंतर था?

Ans
1. ₹45,979 ✗
2. ₹46,154 ✗
3. ₹48,876 ✗
4. ₹47,475 ✓

Q.29 एक कंपनी क्रमिक छूट की तीन स्कीमें प्रदान करती है।

पहली: 25%, 10%
दूसरी: 20%, 15%
तीसरी: 30%, 5%

कंपनी के लिए कौन-सी स्कीम सर्वोत्तम है?

Ans
1. तीसरी स्कीम ✗
2. सभी स्कीमें समान हैं ✗
3. दूसरी स्कीम ✓
4. पहली स्कीम ✗

Q.30 दो धनात्मक संख्याओं का गुणनफल 10125 है। यदि पहली संख्या दूसरी संख्या की पाँच गुनी है, तो दोनों संख्याओं का योग ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 265 ✗
2. 286 ✗
3. 270 ✓
4. 264 ✗

## Section : General Intelligence and Reasoning

Q.1 संख्या 7231456 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे और दाएं से दूसरे अंकों का योग कितना होगा?

Ans
1. 10 ✗
2. 5 ✗
3. 7 ✗
4. 8 ✓

Q.2 यदि '÷' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '−' और '+' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?
117 + 16 − 10 × 2 ÷ 2 − 68 + 10 × 5 − 9 = ?

Ans
1. 124 ✗
2. 96 ✗
3. 168 ✗
4. 186 ✓

Q.3 अतुल अपने घर से यात्रा शुरू करके उत्तर की ओर 5 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 6 km ड्राइव करता है, बाएं मुड़ता है और 4 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करके अपने कार्यालय पहुंचता है। उसके घर के सापेक्ष कार्यालय किस दिशा में है?
(नोट: जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं)

Ans
1. उत्तर ✗
2. उत्तर-पश्चिम ✓
3. पूर्व ✗
4. पश्चिम ✗

Q.4 यदि + का अर्थ 'घटाना' है, − का अर्थ 'भाग' है, ÷ का अर्थ 'गुणा' है, × का अर्थ 'जोड़' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

9 − 3 × 756 + 84 ÷ 3 = ?

Ans
1. 510
2. 508
3. 507
4. 509

Q.5 सात बॉक्स, A, B, C, D, E, F और G, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे हों।
केवल F को A के ऊपर रखा गया है। A और D के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। केवल B को C के नीचे रखा गया है। G को D के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है।
B और E के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
1. 4
2. 1
3. 3
4. 2

Q.6 सात बक्से A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। G के नीचे केवल तीन बक्से रखे गए हैं। G और B के बीच केवल दो बक्से रखे गए हैं। F के ऊपर केवल A रखा गया है। E को D के नीचे किसी स्थान पर और C के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। E के ऊपर कितने बक्से रखे गए हैं?

Ans
1. 3
2. 4
3. 2
4. 1

Q.7 दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन: कुछ पतंग, टोपी हैं। कोई भी टोपी, चींटी नहीं है।

निष्कर्ष (I): कुछ पतंग, चींटी हैं।
निष्कर्ष (II): कुछ टोपी, पतंग हैं।

Ans
1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
3. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Q.8 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

195 189 180 174 165 159 ?

Ans
1. 155
2. 153
3. 150
4. 149

Q.9 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, एक निश्चित तरीके से FNJG का संबंध DLHE से है। उसी तरीके से, IQMJ का संबंध GOKH से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से MUQN का संबंध किससे है?

Ans
1. KSOL
2. SKLO
3. SKOL
4. KSLO

**Q.10** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद आने वाले प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएँ एकल-अंकीय हैं। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) & 1 # 6 * ^ @ 3 & $ 7 Ω $ 2 # 6 @ 2 % 9 (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा बाएं से तीसरे स्थान पर होगा?

**Ans**
- ✗ 1. 6
- ✓ 2. 3
- ✗ 3. 1
- ✗ 4. 7

**Q.11** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी अभिनेता, नर्तक हैं।
कुछ नर्तक, गायक हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी नर्तक, अभिनेता हैं।
(II) कोई भी गायक, नर्तक नहीं है।

**Ans**
- ✗ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ 2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✓ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✗ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

**Q.12** एक निश्चित कूट भाषा में, 'DEAR' को '4627' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'TURN' को '1375' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'R' के लिए कूट क्या है?

**Ans**
- ✗ 1. 5
- ✗ 2. 6
- ✗ 3. 1
- ✓ 4. 7

**Q.13** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

1200, 1200, 1800, 3600, 9000, ?

**Ans**
- ✗ 1. 12000
- ✗ 2. 18000
- ✗ 3. 15000
- ✓ 4. 27000

**Q.14** D का विवाह N से हुआ है। K, X की पुत्री है। X, D का पिता है। D, G की माता है। G, I का भाई है। I, E की बहन है। I का विवाह H से हुआ है। X का E से क्या संबंध है?

**Ans**
- ✗ 1. पिता के पिता
- ✗ 2. पति के पिता
- ✓ 3. माता के पिता
- ✗ 4. पिता

Q.15 सात बॉक्स F, G, H, M, N, O और P एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। H के नीचे केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। H और O के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। G के ऊपर केवल N को रखा गया है। F को M के नीचे किसी एक स्थान पर और P के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है।
नीचे से दूसरे स्थान पर कौन-सा बॉक्स रखा गया है?

Ans
1. N
2. F
3. G
4. P ✔

Q.16 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एक समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. NJ-VR
2. GC-OK
3. TP-AX ✔
4. HD-PL

Q.17 यदि संख्या 2736158 के प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से तीसरे तथा दाएं से तीसरे अंकों का योग क्या होगा?

Ans
1. 10
2. 12
3. 7
4. 8 ✔

Q.18 उस सेट का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित सेट की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा इत्यादि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
**(196, 142, 338)**
**(145, 198, 343)**

Ans
1. (183, 209, 392) ✔
2. (184, 130, 318)
3. (149, 152, 300)
4. (164, 178, 352)

Q.19 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
**TYP : UZQ**
**ETQ : FUR**

Ans
1. UIP : VJR
2. ELA : FCD
3. WER : ZFS
4. OUT : PVU ✔

Q.20 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'GLUE' को '4627' और 'LOAD' को '1375' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'L' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 7 ✔
2. 6
3. 3
4. 1

Q.21 निम्नलिखित त्रिकों में, प्रत्येक अक्षर-समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।

BURN - BNRU - NRUB
SONG - SGNO - GNOS

Ans
✗ 1. CODE - COED - ODEC
✓ 2. CAME - CEMA - EMAC
✗ 3. WINK - WNIK - KNIW
✗ 4. RAIL - ARIL - LAIR

Q.22 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए। (नोट: सभी संख्याएँ केवल एकल अंक वाली संख्याएँ हैं।)

(बाएं) 4 7 + $ 1 * £ 3 & % 5 @ Ω 6 2 9 # 8 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनके ठीक पहले एक प्रतीक है तथा ठीक बाद में भी एक अन्य प्रतीक है?

Ans
✗ 1. 5
✓ 2. 3
✗ 3. 4
✗ 4. 2

Q.23 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

RUM ORJ LOG ILD ?

Ans
✗ 1. FJA
✓ 2. FIA
✗ 3. FJB
✗ 4. FIB

Q.24 सात व्यक्ति A, B, C, D, E, F और G उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। D और C के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E के दाईं ओर केवल G बैठा है। C और E के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। A, F के दाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन B के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। A के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✗ 1. 5
✗ 2. 3
✗ 3. 2
✓ 4. 4

Q.25 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✓ 1. DF-IC
✗ 2. JL-OH
✗ 3. MO-RK
✗ 4. GI-LE

Q.26 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

BJS CLT DNU EPV ?

Ans
✗ 1. GSV
✗ 2. GRV
✓ 3. FRW
✗ 4. FRV

Q.27 सात व्यक्ति A, B, C, D, P, Q और R एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Q और R के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। A के दाईं ओर केवल D बैठा है। R और A के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। B, P के दाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन C के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। C और P के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ 1. तीन
- ✓ 2. दो
- ✗ 3. चार
- ✗ 4. एक

Q.28 प्रभाष बिंदु A से यात्रा शुरू करता है और 6 km पूर्व दिशा में ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 4 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है। अंतत: वह बाएं मुड़ता है, 3 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✓ 1. 3 km, उत्तर की ओर
- ✗ 2. 4 km, उत्तर की ओर
- ✗ 3. 1 km, उत्तर की ओर
- ✗ 4. 2 km, उत्तर की ओर

Q.29 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✓ 1. QBA
- ✗ 2. TYD
- ✗ 3. UZE
- ✗ 4. INS

Q.30 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

31 42 57 76 99 ?

Ans
- ✗ 1. 127
- ✗ 2. 128
- ✓ 3. 126
- ✗ 4. 125